E-Mail

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**
**संचिका सं0–03/भू0अ0नि0 (5) अपील–78/2022** 384 दि0 23/03/2023

## आदेश

प्रस्तुत अपील ''बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम–8(4)'' में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत अपीलार्थी श्री रमण कुमार (Emp. ID No.-AEN02400), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन द्वारा निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश सं0– 2817 दिनांक– 11.10.2022 के विरूद्ध दायर किया गया है।

प्रस्तुत अपील में उभयपक्षों को सूचना निर्गत किया गया। अपीलार्थी को सुनवाई की निर्धारित तिथि की सूचना ई–मेल के द्वारा दी गई है। प्रस्तुत अपील में उभयपक्षों को सुनकर अपील को आदेश पर रखा गया है।

अपीलार्थी श्री रमण कुमार का कथन है कि मेरा नियोजन विज्ञापन सं0–01/2019 के आलोक में विशेष सर्वेक्षण अमीन के पद पर बन्दोबस्त कार्यालय, बेतिया में हुआ था। उक्त नियोजन के समय आवेदन–पत्र के साथ अंक पत्र क्रम सं0–0197653 एवं मूल प्रमाण–पत्र क्रम सं0– 22936 प्रस्तुत किया था। परन्तु मेरा सिविल इंजिनियरिंग से संबंधित सभी शैक्षणिक दस्तावेज का मूल प्रति नष्ट हो जाने के कारण प्राचार्य राजकीय पॉलटेक्निक, गोपालगंज द्वारा सभी शैक्षणिक प्रमाण–पत्र का द्वितीय प्रति निर्गत करने हेतु ज्ञापांक– EX-15-SBTE, पटना दिनांक–09.02.2021 द्वारा अग्रसारित किया गया। तत्पश्चात् दिनांक– 05.03.2021 को SBTE, पटना द्वारा मेरे शैक्षणिक दस्तावेज की मूल प्रति को रद्द करते हुए सभी प्रमाण–पत्र एवं अंक पत्रों का द्वितीय प्रति निर्गत किया गया। दितीय अंक पत्र संख्या– 0410124 एवं मूल प्रमाण–पत्र सं0– 32788 है। साक्ष्य के रूप में अपीलार्थी द्वारा राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद, बिहार, पटना के पत्रांक– 4083 दिनांक– 19.10.2022 एवं जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। साथ ही राजकीय पॉलटेक्निक, गोपालगंज के पत्रांक– 373 दिनांक– 17.10.2022 की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अपीलार्थी द्वारा आगे बताया गया कि जब भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना द्वारा मेरा शैक्षणिक दस्तावेज का सत्यापन कराया गया, तब शैक्षणिक प्रमाण–पत्रों का क्रम संख्या मिलान नहीं होने के कारण ज्ञापांक– 2817 दिनांक– 11.10.2022 द्वारा मेरा नियोजन रद्द कर दिया गया। तत्पश्चात् मैंने भवदीय के कार्यालय में आवेदन दिया। मेरे अनुरोध पर SBTE, पटना के पत्रांक– 4083 दिनांक– 19.10.2022 द्वारा मेरे शैक्षणिक दस्तावेज के वैध होने संबंधित पत्र भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को ई–मेल द्वारा अग्रसारित किया गया। इस प्रकार अपीलार्थी ने अनुरोध किया है कि मेरे उपर लगाये गये आरोप से मुझे मुक्त करते हुए मेरा नियोजन पूर्नबहाल करने की कृपा की जाय।

निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना ने अपने मंतव्य में उल्लेख किया है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अन्तर्गत नवसृजित विशेष सर्वेक्षण अमीन (संविदा) पद पर विज्ञापन संख्या– 01/2019 के आलोक में निदेशालय पत्रांक– 10656 दिनांक– 01.09.2020 द्वारा श्री रमण कुमार का नियोजन करते हुए बन्दोबस्त कार्यालय, बेतिया में पदस्थापन किया गया। श्री कुमार द्वारा समर्पित Diploma in civil Engineering का शैक्षणिक प्रमाण–पत्र का सत्यापन निदेशालय के पत्रांक– 2951 दिनांक– 05.10.2021 द्वारा परीक्षा नियंत्रक, राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद, टेक्नोलॉजी भवन, पटना–15 को भेजकर कराई गई। राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद, बिहार, पटना के पत्रांक– 2247 दिनांक– 06.07.2020 द्वारा श्री रमण कुमार के शैक्षणिक प्रमाण–पत्र सत्यापित कर प्रतिवेदित किया गया है कि "Duplicate issued certificate and marks sheet invalid".

अपीलार्थी द्वारा बाद में दी गई शैक्षणिक प्रमाण–पत्रों की जाँच निदेशालय पत्रांक– 367 दिनांक– 17.01.2023 के द्वारा सचिव, राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद, बिहार, पटना के पत्रांक– 259 दिनांक– 25.01.2023 द्वारा बताया गया कि पूर्व में निर्गत प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र भी पर्षद कार्यालय द्वारा ही निर्गत है, परन्तु द्वितीय प्रति निर्गत होने के पश्चात पूर्व के प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र Invalid हो जाते है। श्री रमण कुमार के द्वारा विशेष सर्वेक्षण संविदा के पद हेतु आवेदन के समय संलग्न किये गये प्रमाण पत्र संख्या– 22936 एवं अंक पत्र संख्या– 0197653 के नष्ट होने के कारण, प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक, गोपालगंज के ज्ञापांक संख्या– EX-15, दिनांक– 09.02.2021 के आलोक में पर्षद कार्यालय द्वारा छात्र को पूर्व में निर्गत प्रमाण पत्र संख्या– 22936 एवं अंक पत्र संख्या– 0197653 को रद्द कर द्वितायक (Duplicate) प्रमाण पत्र, प्रवास प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र निर्गत किया गया है। जिस कारण आपके पत्रांक–10656, दिनांक– 01.09.20202 के साथ संलग्न प्रमाण पत्र एवं अंक पत्रों के सत्यापन के क्रम में श्री रमण कुमार के अभ्युक्ति वाले कॉलम में "Duplicate Issued Certificate and Mark sheet Invalid" अंकित किया गया था।

राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद, बिहार, पटना के पत्रांक– 259 दिनांक– 25.01.2023 के साथ जाँच प्रतिवेदन प्रेषित किया गया है। जिसमें प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक, गोपालगंज के ज्ञापांक सं0– Ex–15 दिनांक– 09.09.2021 के आलोक में पर्षद कार्यालय द्वारा छात्र को द्वितीय (Duplicate) अंक पत्र, प्रमाण–पत्र एवं प्रवास प्रमाण–पत्र निर्गत किया गया है, जो निम्नांकित है:–

| क्रम संख्या | सेमेस्टर | द्विताय (Duplicate) अंक पत्र, प्रमाण पत्र एवं प्रवास पत्र की संख्या | मुल अंक प्रमाण पत्र एवं प्रवास प्रमाण पत्र की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | I Semestar | 0410119 | 0109674 |
| 2. | II Semestar | 0410120 | 0123859 |
| 3. | III Semestar | 0410121 | 0135791 |
| 4. | IV Semestar | 0410122 | 0155396 |
| 5. | V Semestar | 0410123 | 0173115 |
| 6. | VI Semestar | 0410124 | 0197653 |
| 7. | VII Semestar | 32788 | 22936 |
| 8. | VIII Semestar | 50728 | 28878 |

उपरोक्त उल्लेखित जाँच प्रतिवेदन सहायक सचिव, राज्य प्रावैधिक, शिक्षा पर्षद, बिहार, पटना एवं परीक्षा नियंत्रक, राज्य प्रावैधिक शिक्षा, पर्षद, बिहार, पटना द्वारा हस्ताक्षरित है।

उक्त के आलोक में निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना द्वारा पारित आदेश सं0–2817 दिनांक– 11.10.2022 को रद्द किया जाता है तथा श्री रमण कुमार (Emp. ID No.- AEN02400), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन का संविदा अनुबंध तत्काल प्रभाव से बहाल किया जाता है। साथ ही श्री रमण कुमार को बर्खास्तगी की तिथि से योगदान की तिथि के बीच की अवधि तक मानदेय का भुगतान नहीं किया जायेगा।

ह0 / –

**अपर मुख्य सचिव–सह–**
**अपीलीय प्राधिकार**

E-Mail

# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
## (भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

**ज्ञापांकः**– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–78/2022......2384......**पटना, दिनांक** :–23/03/2023

**प्रतिलिपिः**– श्री रमण कुमार (Emp. ID No.- AEN02400), पूर्व विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, पश्चिमी चम्पारण (बेतिया), Email-raman1999.rr@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

23/3/23

**(अनिल कुमार सिंह)**
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना

**ज्ञापांकः**– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–78/2022......2384......**पटना, दिनांक** :–23/03/2023

**प्रतिलिपिः**– बन्दोबस्त पदाधिकारी, पश्चिमी चम्पारण (बेतिया)/सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), पश्चिमी चम्पारण (बेतिया) को सूचनार्थ प्रेषित।

23/3/23

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–78/2022......2384......**पटना, दिनांक** :–23/03/2023

**प्रतिलिपिः**– संबंधित स्थापना, सहायक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

23/3/23

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–78/2022......2384......**पटना, दिनांक** :–23/03/2023

**प्रतिलिपिः**– निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

23/3/23

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः**– 03/भू0अ0नि0 (5) अपील–78/2022......2384......**पटना, दिनांक** :–23/03/2023

**प्रतिलिपिः**– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

23/3/23

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप